# पंकज चौधरी बने उप्र भाजपा के नए अध्यक्ष

- विपक्ष के पीडीए की काट के लिए भाजपा का ओबीसी कार्ड, योगी समेत 10 नेता बने प्रस्तावक
- निर्विरोध चुना जाना तय, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल आज करेंगे औपचारिक घोषणा


केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी।

**राज्य ब्यूरो, जागरण●लखनऊ :** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा और सोचा-समझा कदम उठाते हुए विपक्ष के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फार्मूले की काट के लिए ओबीसी कार्ड खेल दिया है। सात बार के सांसद व मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 'संगठन पर्व' में शनिवार को उनके अकेले नामांकन के साथ ही तय हो गया कि यूपी भाजपा के नए 'चौधरी' अब पंकज ही होंगे। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा रविवार को केंद्रीय चुनाव अधिकारी व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल करेंगे।

बहुप्रतीक्षित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव शनिवार को प्रदेश कार्यालय में नामांकन के साथ शुरू हो गया। कुर्मी बिरादरी से आने वाले गोरखपुर निवासी व महाराजगंज के सांसद पंकज चौधरी ने केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक व भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एवं चुनाव अधिकारी डा. महेन्द्रनाथ पांडेय के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चार सेट में नामांकन दाखिल किया। पंकज के प्रस्तावकों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, सांसद कमलेश पासवान व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण हैं। प्रस्तावकों में ठाकुर, ब्राह्मण, पारसी, भूमिहार, दलित और ओबीसी समाज के नेताओं को शामिल कर भाजपा ने सामाजिक समरसता का संदेश देने की कोशिश की है।

## ढाका के 12 मंजिली इमारत में लगी आग 42 को सुरक्षित निकाला

**ढाका, प्रेट्र :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार सुबह एक 12 मंजिला इमारत के निचले हिस्से में भीषण आग लग गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और 42 लोगों को सुरक्षित रूप से इमारत से बाहर निकाल लिया गया। यह घटना ढाका के बाबू बाजार इलाके स्थित जबल-ए-नूर टावर की है।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग की सूचना मिलने पर 18 दमकल इकाइयां मौके पर पहुंची। हालांकि, आग पर काबू पाने में कुछ समय लगा, क्योंकि कई दुकानों के शटर और ताले काटने पड़े थे।

## थाइलैंड और कंबोडिया में संघर्ष जारी, डोनाल्ड ट्रंप के दावे को नकारा

**बैंकाक, एएनआइ :** थाइलैंड और कंबोडिया के बीच सैन्य तनाव अभी भी खत्म नहीं हुआ है। थाइलैंड के प्रधानमंत्री अनुतीन चर्नविराकुल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि थाइलैंड कंबोडिया के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई तब तक जारी रखेगा, जब तक उसकी जमीन और नागरिक पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हो जाते। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के उलट है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है। अनुतीन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, शनिवार सुबह की सैन्य कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अपनी जमीन और लोगों की रक्षा को लेकर गंभीर हैं। इस बीच, कंबोडिया ने आरोप लगाया है कि ट्रंप द्वारा संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद, थाइलैंड की सेना ने हवाई और जमीनी हमले जारी रखे। थाई वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने कंबोडिया के विभिन्न लक्ष्यों पर सात बम गिराए।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन व बाढ़ से अब तक एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत

**जकार्ता, आइएएनएस :** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के तीन प्रांतों में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। इस आपदा में अब तक एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 218 लोग अब भी लापता हैं।


इंडियनऑयल IndianOil

**शुद्धिपत्र**

**ओडिशा में कॉर्पोरेशन के मालिकाना हक वाले और कॉर्पोरेशन द्वारा चलाए जाने वाले रिटेल आउटलेट्स (COCO)** के लिए सर्विस प्रोवाइडर की भर्ती के बारे में **09.11.2025** को अखबारों में छपे विज्ञापन के बारे में, यह बताना है कि एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख **19.12.2025** तक बढ़ा दी गई है। बाकी नियम और शर्तें वैसी ही रहेंगी। पहले से मिली एप्लीकेशन को वैलिड माना जाएगा और ऐसे एप्लिकेंट को दोबारा अप्लाई करने की ज़रूरत नहीं है।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-सम्बलपुर (ओड़िशा)
दूरभाष (ईपीएबीएक्स): 0663-2542461 से 469 वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

R-5278


# बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में कोर्ट ने कहा, ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत

- कोर्ट ने शिवसेना के पूर्व नेता के बेटे मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से किया इन्कार
- मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से आरोपित ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी



**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में शिवसेना के पूर्व नेता के बेटे मिहिर शाह की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि "ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है"। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने इस बात को ध्यान में रखा कि आरोपित एक समृद्ध परिवार से था और उसके पिता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट से जुड़े हुए थे।

जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए पीठ ने टिप्पणी की, "वह अपनी मर्सिडीज को शेड में पार्क करता है, अपनी बीएमडब्ल्यू निकालता है, उससे टक्कर मारता है और फिर फरार हो जाता है। उसे कुछ समय के लिए जेल में ही रहने दिया जाए। ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।" मिहिर की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट रेबेका जान ने कहा कि मामले में प्रमुख गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। हालांकि, कोर्ट के माहौल को भांपते हुए उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। गौरतलब है कि मुंबई के वर्ली इलाके में अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को कथित तौर पर टक्कर मारने के दो दिन बाद मिहिर शाह (24) को पिछले साल नौ जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। इस हादसे में कावेरी नखवा (45) की मौत हो गई थी और उनके पति प्रदीप नखवा घायल हो गए थे।





